सांवरिया की खाटू नगरी लेकर मुझे चलोगे क्या लिरिक्स

सांवरिया की खाटू नगरी,
लेकर मुझे चलोगे क्या,

कहलाते सब श्याम भक्त,
कोई मेरा काम करोगे क्या,
साँवरिया की खाटू नगरी,
लेकर मुझे चलोगे क्या।**lbd**।

तर्ज – क्या मिलिए ऐसे लोगो से।

निर्धन है तेरा भक्त सांवरा,
तेरे दर नही आ पाया,
फिर ये बहाना करता है की,
तेरा बुलावा ना आया,
मन में एक सवाल है की,
कभी दर्शन आकर दोगे क्या,
मन में एक सवाल है की,
कभी दर्शन आकर दोगे क्या,
साँवरिया की खाटू नगरी,
लेकर मुझे चलोगे क्या।**lbd**।

खाटू वाला बैठ यहाँ से,
डोर खींचता जाता है,
जो भी बंधे है डोर से इनकी,
खाटू नगरी जाता है,
मेरी डोर खींचने का,
सांवरिया अब लोगे क्या,
मेरी डोर खींचने का,
सांवरिया अब लोगे क्या,
साँवरिया की खाटू नगरी,
लेकर मुझे चलोगे क्या।**lbd**।

विनती सभी श्याम प्रेमी से,
आज दया दिखला दो तुम,
एक तरसते पुत्र को भक्तो,
पिता से आज मिला दो तुम,
प्रेम की इस छोटी सी विनती,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

पर विचार करोगे क्या,
‘शिवम’ की इस छोटी सी विनती,
पर विचार करोगे क्या,
साँवरिया की खाटू नगरी,
लेकर मुझे चलोगे क्या।bd।

कहलाते सब श्याम भक्त,
कोई मेरा काम करोगे क्या,
सांवरिया की खाटू नगरी,
लेकर मुझे चलोगे क्या।bd।

Singer – Manish Soni

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com